Roll No. | | | | | | | |

**SET NO-01**

Candidates must write the Set No. on the title page of the answer book.

# DAV PUBLIC SCHOOLS, ODISHA ZONE-I
## PERIODIC TEST II, 2017-18

- Check that this question paper contains 5 printed pages.
- Set number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer book by the candidate.
- Check that this question paper contains 15 questions.
- Write down the Serial Number of the question before attempting it.
- 15 minutes cooling time has been allotted to read this question paper only and do not write any answer on the answer book during this period.

**CLASS – IX**

**SUB: HINDI**

**Time : 3 hrs**

**Maximum Marks :80**

**General Instructions :** निर्देश

(i) इस प्रश्न पत्र के चार खण्ड है – क, ख, ग, घ ।

(ii) चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमश: दीजिए ।

(iv) कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

(v) कृपया जाँच कर ले कि इस प्रश्न पत्र में 15 प्रश्न हैं ।



66

## खण्ड -क :- (15 marks)

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** (9)

व्यक्ति समाज की इकाई है और शिक्षा व्यक्ति को सत् , चित् और आनंद की अनुभूति करने योग्य बनाती है । शिक्षा का अर्थ है जीना सीखने की कला । हम जीते हैं समाज में , अत: शिक्षा का मूल स्रोत है समाज । इस प्रकार शिक्षा और समाज का परस्पर घनिष्ठ संबंध है । शिक्षा व शिक्षण संस्थाओं का समाज में विशेष महत्त्वपूर्ण स्थान है क्योंकि यहीं से भावी नागरिक ढलकर निकलते हैं । आज समाज के मूलरूप को परिष्कृत करने हेतु नैतिक शिक्षा के प्रश्न पर विशेष बल दिया जाने लगा है । यह आवश्यकता अनुभव की गई है कि हमारी मान्यताओं का स्खलन हो रहा है । सामाजिक जीवन में जो अनैतिकता दिनों - दिन बढती जा रही है उसका मूल कारण नैतिक शिक्षा का अभाव है । आज हमने भौतिक उन्नति को एकमात्र उद्देश्य बना लिया है । हम भौतिकवादी से अति भौतिकवादी होते जा रहे है और यही कारण है कि विफलताएँ हमारे मार्ग को अवरुद्ध करती जा रही हैं । आज शिक्षा का महत्व केवल पुस्तकीय ज्ञान मात्र है , जो पुस्तकों में ढलता जा रहा है । यह शैक्षिक- प्रक्रिया केवल मशीनीकरण का पर्याय न बने और व्यावहारिक सद्शिक्षा का स्वरूप विकसित हो इसके लिए अपेक्षित है कि नैतिक मूल्यों की शिक्षा दी जाए अन्यथा समाज में अपराध - प्रवृत्ति निरंतर बढती रहेगी ।

(क) शिक्षा का मूल स्रोत क्या है ? समाज में शिक्षण संस्थाओं का क्या महत्त्व है ? (2)

(ख) हमारी समाजिक मान्यताओं के स्खलन एवं समाजिक जीवन में अनैतिकता का प्रमुख कारण क्या है ?(2)

(ग) नैतिक शिक्षा के अभाव का समाज के ऊपर क्या प्रभाव पड़ेगा ? (2)

(घ) वर्तमान में कैसी शिक्षा प्रदान की जा रही है ? इसमें कैसे सुधार किया जाए ? (2)

(ङ) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । (1)

2. **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

भयानक सूखा है
पक्षी छोड़कर चले गए है, पेड़ों को
बिलों को छोड़कर चले गए हैं चींटे - चींटियाँ
देहरी और चौखट
पता नहीं कहाँ किधर चले गए है
घरों को छोड़कर
भयानक सूखा है
मवेशी खड़े हैं
एक दूसरे का मुँह ताकते हुए
कहते हैं पिता
ऐसा अकाल कभी नहीं देखा
ऐसा अकाल कि बस्ती में
दूब तक झुलस जाए



67

सुना नहीं कभी ।
'दूब मगर मरती नहीं'
कहते हैं वे
और हो जाते हैं चुप ।
निकलता हूँ मैं
दूब की तलाश में
खोजता हूँ परती – पराठ
झाँकता हूँ कुओं में
छान डालता हूँ गली चौराहे
मिलती नहीं दूब
मुझे मिलते है मुँह बाए घड़े
बाल्टियाँ लोटे परात
झाँकता हूँ घड़ों में
लोगों की आँखों की कटोरियों में
झाँकता हूँ मैं
मिलती नहीं
मिलती नहीं दूब ।

(क) सूखे में पक्षियों , चींटे -चींटियों और मवेशियों की क्या हालत हो रही है ? (2)

(ख) कवि ने अपने पिता से क्या कहते सुना ? (2)

(ग) कवि दूब की तलाश में कहाँ - कहाँ गए ? (2)

## खण्ड - ख (15 marks)

3. (क) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण- विच्छेद कीजिए । (2)
   **(i)** समर्पित
   **(ii)** प्रयोग

   (ख) ' सुन्दर ' में उचित स्थान पर अनुस्वार लगाकर मानक रूप लिखिए । (1)

   (ग) 'महगाई ' में उचित स्थान पर अनुनासिक चिह्न का प्रयोग कर शब्द को दोबारा लिखिए । (1)

   (घ) 'ताजगी ' में उचित स्थान पर नुक्ते का प्रयोग कीजिए । (1)

4. (क) निम्नलिखित शब्दों में संधि कीजिए । (2)
   (i) भानु + उदय (ii) पीत + अंबर

   (ख) निम्नलिखित शब्दों मे संधि - विच्छेद कीजिए । (2)
   (i) मात्रनुमति (ii) दुर्जन



68

5. (क) निम्नलिखित शब्द में से मूल शब्द व प्रयुक्त उपसर्ग अलग कीजिए । (1)

(i) बदसूरत

(ख) निम्नलिखित शब्दों में मूल शब्द व प्रयुक्त प्रत्यय अलग कीजिए । (2)

(i) थकावट (ii) आरोही

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में विराम चिह्न लगाइए । (3)

(i) अरे दीपक तुम कब आए

(ii) माँ मैं खेलने जा रहा हूँ

(iii) मालिक ने कर्मचारियों से कहा वे सही समय पर कार्यालय आएँ

**<u>खंड ग 25 marks)</u>**

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (2+2 +1)

(क) कीचड़ सूखकर किस प्रकार के दृश्य उपस्थित करता है ?

(ख) पोशाक हमारे लिए कब बंधन और अड़चन बन जाती है ?

(ग) दोपहर के भोजन को लंच की गरिमा प्रदान की गई ? इस कथन का क्या अर्थ है ? 'तुम कब जाओगे अतिथि ' पाठ के आधार पर लिखिए ।

7. रामन के प्रारंभिक शोधकार्य को आधुनिक हठयोग क्यों कहा गया है ? (5)

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (2 + 2 + 1)

(क) एक को साधने से सब कैसे सध जाता है ? ' रहीम के दोहे ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ख) कवि नजीर अकबरावांदी ने अपने काव्य में आदमी के किन रूपों का बखान किया है ? वर्णन कीजिए ।

(ग) रैदास की भक्ति किस प्रकार की भक्ति है ?

9. 'एक फूल की चाह ' का केंद्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए । (5)

10. यात्राएँ हमें ' स्व ' की संकीर्णता से मुक्त करती हैं तथा हमें एक दूसरे से जुड़ना सिखाती हैं । यह कथन कहाँ तक सत्य हैं ? लेखक की ' उनाकोटी ' यात्रा के आधार पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए । (5)



69

## खंड घ (25 marks)

11. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए । (5)

(क) प्रकृति की रक्षा , मानव की सुरक्षा

संकेत – बिंदु – मनुष्य प्रकृति का अंश

प्रकृति से खिलवाड़

प्रकृति की रक्षा मानव जाति का कर्त्तव्य

(ख) मुस्कुराइए , तनाव दूर भगाइए

संकेत - बिंदु - चिंता का कोई अंत नहीं

- सभी तनावग्रस्त
- तनाव से बचाव

(ग) परीक्षा परिणाम आने से कुछ घंटे पहले

संकेत - बिंदु - मनसिक दुविधा ,

- आशा निराशा के बीच
- बढ़ता हुआ तनाव

12. आपकी कक्षा में एक नए अध्यापक पढ़ाने आए हैं जो कि बहुत अच्छा पढ़ाते है । उनके विषय में परिचयात्मक सूचना देते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए । (5)

13. दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर मन में उभरे विचारों को भाषा में प्रस्तुत कीजिए । (5)



14. इंटरनेट की उपयोगिता और दुरूपयोग पर वार्तालाप करते दो विद्यार्थियों का संवाद लिखिए । (5)

15. आप एक घड़ी कंपनी के मालिक है। अपनी घड़ी को सबसे अच्छा बताते हुए समाचार – पत्र के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए । (5)



70